सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
दिनांक –17.08.2024

थाना गोहन पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों मे हुयी चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये घटनाओं से सम्बन्धित 03 शातिर अभियुक्तगण को चोरी के रूपये, 01 अदद मोटरसाईकिल चोरी की व 01 अदद तमन्चा मय 02 जिन्दा कारतूस आदि के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

दिनांक 17.08.2024 को थाना गोहन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरावन के पास से 03 अभियुक्त 1. प्रमोद कुमार दोहरे पुत्र शील बाबू 2. अजय दोहरे 3. देवेन्द्र दोहरे पुत्रगण अशोक कुमार निवासीगण ग्राम जमरेही कला थाना एट जनपद जालौन को चोरी के रूपये, 01 अदद मोटरसाइकिल चोरी की, 01 अदद तमन्चा मय 02 जिन्दा कारतूस व 01 अदद चाकू आदि के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में बरामदशुदा दानपात्र, रूपयों, मोटरसाइकिल आदि के सम्बन्ध में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोगो ने मिलकर दिनांक 15/16.08.2024 की रात्रि में जालौनी देवी माता मन्दिर पर हनुमान मन्दिर की गोलक (दानपात्र) चोरी की थी तथा दानपात्र को झाड़ियों में छिपा दिया था। हम लोग वही दानपात्र लेकर आ रहे थे कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया तथा दो मोटरसाइकिलों में से एक मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस करीब 10 वर्ष पहले औरैया शहर से चुराई थी। दिनांक 26.07.2024 की दोपहर को बंगरा बस स्टैण्ड पर खड़ी महिन्द्रा पिकअप से बैग चोरी किया था, जिसमें हम लोगो को 17,700/- रूपये मिले थे। हम लोगो ने आपस में बाट लिये थे जिसमे से 7200/- शेष बचे हैं।

एक अन्य मोटरसाइकिल अपाचे के आवश्यक प्रपत्र न होने के कारण सीज किया गया है। अभियुक्तगण से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गोहन में अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. प्रमोद कुमार दोहरे पुत्र शील बाबू निवासी ग्राम जमरेही कला थाना एट जनपद जालौन
2. अजय दोहरे पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम जमरेही कला थाना एट जनपद जालौन
3. देवेन्द्र दोहरे पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम जमरेही कला थाना एट जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद दानपेटी लोहे की जिसमें कुल 2219/- रूपये(जालौनी माता मन्दिर से चोरी के) थाना कुठौन्द के मु0अ0सं0 199/24 धारा 305 बीएनएस से सम्बन्धित
2. 7200/- रूपये चोरी के थाना माधौगढ के मु0अ0सं0 110/24 धारा 305 बीएनएस से सम्बन्धित
3. 01 अदद मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस चोरी की थाना कोतवाली औरैया के मु0अ0सं0 507/2013 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित
4. 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस नाजायज
5. 01 अदद चाकू नाजायज
6. 01 अदद बैग में हथौडी, सादा रिंच, पाइप रिंच, राड छोटी लोहे की बरामद

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थाना प्रभारी गोहन मय पुलिस टीम